मूल्य : एक रुपया

www.kay2steel.com

# स्टील टाइम्स

FEBRUARY, 2017

KAY2 STEEL LIMITED की गृह पत्रिका, वर्ष–1, अंक–03

E mail: info@kay2steel.com

follow us on



## भवन निर्माण सेक्टर के लिए नई आशा का संदेश है नया बजट

*वित्तवर्ष 2017–18 का बज़ट कई मायनों में ऐतिहासिक है। देश में पहली बार एक ही दिन रेल और सामान्य बज़ट को पेश करते हुए वर्तमान सरकार ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि विदेशी निवेश, औद्योगिक विकास, इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण और शहरों तथा गॉवों तक मूलभूत सुविधायें आज भारत की प्राथमिकता है। इस बज़ट ने निर्माण सेक्टर और स्टील सेक्टर के सामने अवसरों के नए द्वार खोले हैं और हम एक कंपनी के तौर पर देश की प्राथमिकताओं के अनुसार सेवायें देने के लिए तैयार और तत्पर हैं।*

*– श्री सुनील अग्रवाल, निदेशक, KAY2 स्टील लि.*

देश के इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में अपनी धाक जमा चुके KAY2 टीएमटी रिबार की रिटेल उपभोक्ताओं से लेकर बड़े–बड़े बिल्डर्स के बीच भारी मॉग है और देश के विभिन्न बाज़ारों में लगातार इसकी हिस्सेदारी बढ़ती जा रही है। रॉ–मैटेरियल हो या निर्माण तकीनीक या फिर क्वालिटी कंट्रोल, प्रोडक्शन के हर स्तर पर KAY2 स्टील लि. अपनी श्रेष्ठता सुनिश्चित करता है। निर्माण की मज़बूती के लिये बेहतरीन टीएमटी रिबार की आवश्यकता को पूरा करने के लिये KAY2 स्टील लि. अत्याधुनिक तकनीक से निर्मित सर्वोत्तम गुणवत्ता के 500 एवं 500D टीएमटी रिबार उपलब्ध कराता है।

बीआईएस मानकों के अनुरूप निर्मित और उपभोक्ताओं के भरोसे का प्रतीक बन चुके KAY2 टीएमटी रिबार 8 एमएम से लेकर 32 एमएम तक हर साइज रेंज उपलब्ध है। विभिन्न शोध एवं तकनीकी परीक्षण के अनुसार यह पाया गया है कि KAY2 टीएमटी रिबार अपने भौतिक और रासायनिक गुणों में बीआईएस के मानक में दिये गये मानदंडों से भी बेहतर है और विश्वस्तरीय मानक के अनुरूप है। KAY2 स्टील लि. का दृष्टिकोण है कि भारत विकास के मामले में किसी से पीछे ना रहे और यहां भी सदियों तक टिके रहने वाली इमारतें और इंफ्रास्टक्चर का निर्माण हो। इसीलिए कंपनी देश भर के उपभोक्ताओं को भूकंपरोधी निर्माण हेतु उपयुक्त गुणवत्ता वाले टीएमटी रिबार उपलब्ध कराने के लिए अपनी पूरी क्षमता से प्रयास कर रही है।

KAY2 स्टील लि. की भावी रणनीतियों पर रोशनी डालते हुये निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने कहा, ''उत्कृष्ट भवन निर्माण हेतु आधुनिक इंजीनियरिंग के अनुसार निर्मित KAY2 स्टील लि. ने भारतीय निर्माण क्षेत्र में क्रांति ला दी है। आज उत्कृष्ट निर्माण KAY2 स्टील लि. की पहचान बन गई है। कंपनी को देश भर में मिल रही सफलता को देखते हुये कंपनी ने पिछले 3 महीनों के भीतर ही 3 नए फ्रैन्चाइज़ी मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट्स में उत्पादन शुरू कर दिया है, साथ ही मार्केटिंग नेटवर्क को और भी अधिक मज़बूत बनाने की ओर क़दम बढ़ाये हैं, जिससे कि देश भर के बाज़ार में KAY2 टीएमटी उत्पाद आसानी से उपभोक्ताओं को उपलब्ध हो सकें।''

1 फरवरी को पेश हुए देश के बजट ने भी कंपनी की विस्तार योजनाओं को बल दिया है। भले ही पिछले कई वर्षों से आवास सेक्टर में धीमी विकास दर देखने को मिल रही थी, पर जनवरी माह में प्रधानमंत्री जी की कम कीमत के आवास के लिए लोन लेने पर बड़ी रिआयत के ऐलान के बाद से ही आम उपभोक्ता के लिए करोड़ों की संख्या में मकान बनने के संकेत मिलने शुरू हो चुके हैं। साथ ही नए बज़ट में आयकर में मिली छूट से भी लोगों की खरीददारी की क्षमता में बढ़त मिलेगी। बज़ट में रेलवे, रोडवेज और वाटरवेज के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए पिछले वर्षों के मुक़ाबले अधिक राशि उपलब्ध कराने से निर्माण सामग्री के बाज़ार में तेजी आने की पूरी संभावना बनी है।

नए बजट में निर्माण सामग्री सेग्मेंट के भविष्य के बारे में जानकारी देते हुये KAY2 स्टील लि. के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने कहा, ''पिछले कुछ सालों से चली आ रही धीमी अर्थव्यवस्था और सुस्त विकास दर से निर्माण सेक्टर अब उबर रहा है। भारतीय इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में भी बेहतर गतिशीलता आयी है। ख़ासकर करोड़ों की संख्या में एफोर्डेबल हाउस के निर्माण की योजना के फलस्वरूप देश के हर छोटे–बड़े शहरों और गॉवों में टीएमटी की मॉग और खपत में भी बढ़ोतरी होने वाली है। हमारा प्रयास है कि अपने उत्कृष्ट उत्पादों के माध्यम से समृद्ध हो रहे भारत की मज़बूत आधारशिला रखने के हमारे अभियान को नई बज़ट घोषणाओं के आलोक में और भी गति मिले और आम उपभोक्ता के अपने घर के सपने को हम मज़बूती देते रहें।

# छत्तीसगढ़ के निर्माणकर्मियों के साथ जागरूकता संवाद



KAY2 स्टील लि. निर्माण क्षेत्र में अपना सक्रिय योगदान देने के लिये देश भर में जानी जाती है। निर्माण सामग्री सैक्टर की एक उत्तरदायी एवं लोकप्रिय कंपनी होने के नाते, भारत में अच्छी गुणवत्ता के मज़बूत निर्माण को बढ़ावा देने के लिये KAY2 स्टील लि. द्वारा समय–समय पर जागरूकता संवाद के नाम से निर्माणकर्मियों के लिये बैठकों का आयोजन किया जाता है।

इसी कड़ी में कंपनी ने छत्तीसगढ़ के चम्पा ज़िले के बिर्रा में एक मैसन मीट का आयोजन किया। 20 दिसंबर 2016 को आयोजित इस कार्यक्रम में स्थानीय डीलर मेसर्स दिनेश ट्रेडर्स, बिर्रा का उल्लेखनीय योगदान रहा। KAY2 डिस्ट्रीब्यूटर श्री भरत बजाज भी इस बैठक में शामिल हुये। KAY2 स्टील लि. के असि. मैनेजर श्री भुवन प्रताप सिंह इस बैठक में कंपनी की ओर से उपस्थित हुये। बैठक में बर्रा और आस–पास के क्षेत्र के 50 ठेकेदारों एवं राजमिस्त्रियों ने भाग लिया।

जागरूकता संवाद के दौरान उपस्थित लोगों को KAY2 टीएमटी उत्पादों के उच्चस्तरीय तकनीक और बेमिसाल गुणवत्ता के बारे में अच्छी तरह बताया गया। भूकंप के खतरों से सुरक्षित मकान बनाने की सलाह देते हुये KAY2 डिस्ट्रीब्यूटर श्री भरत बजाज ने कहा, ''आप सभी ठेकेदारों व राजमिस्त्रियों को इस बात को हमेशा ध्यान रखना चाहिये कि अगर मकान में अच्छी क्वालिटी का सरिया न लगा हो तो वह मक़ान भूकंप में टिका नहीं रह सकता है। अगर आप KAY2 टीएमटी रिबार का उपयोग करेंगे तो भूकंप का डर नहीं रहेगा। श्रेष्ठ भूकंप प्रतिरोधक गुणों की वज़ह से KAY2 टीएमटी रिबार मकानों को भूकंप के बड़े झटकों से भी सुरक्षा देता है।''

KAY2 टीएमटी रिबार के निर्माण की बेहतरीन तकनीक के बारे में जानकारी देते हुए श्री भुवन प्रताप सिंह ने बताया, ''KAY2 स्टील लि. में क्वालिटी को बहुत ही अधिक महत्व दिया जाता है। कंपनी अत्याधुनिक तकनीक द्वारा सुनिश्चित गुणवत्ता के बिलेट का प्रयोग कर KAY2 टीएमटी रिबार का निर्माण करती है। इस कारण KAY2 टीएमटी रिबार रासायनिक और भौतिक गुणों में अन्य ब्रैण्ड से ऊपर है। उपभोक्ता को विश्वस्तरीय क्वालिटी मिल सके, इसीलिये KAY2 टीएमटी रिबार को भारतीय मानकों के साथ–साथ अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार निर्मित किया जाता है।''

इस बैठक में शामिल हुये सभी ठेकेदार एवं राजमिस्त्री KAY2 टीएमटी रिबार के बारे में जानकारी पाकर बहुत खुश हुये और उन्होंने KAY2 टीएमटी रिबार का ही उपयोग करने का वादा किया। छत्तीसगढ़ के निर्माणकर्मियों के बीच KAY2 टीएमटी उत्पादों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में ये दोनों कार्यक्रम बेहद सफल रहे।



## Kay2 Knight



**श्री अरूण अग्रवाल**
**प्रोपराइटर, मेसर्स श्री जी इंटरप्राइजेज़, राजस्थान**

राजस्थान के **KAY2** स्टील लि. डिस्ट्रीब्यूटर्स मेसर्स श्री जी इंटरप्राइजेज़ के प्रोपराइटर श्री अरूण अग्रवाल एक परिश्रमी, लगनशील और बेहतर उपलब्धि प्राप्त करने वाले डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में जाने जाते हैं। इनका कार्यक्षेत्र राजस्थान के एक बड़े हिस्से में फैला है जिसमें सीकर, झुंझूनू, नागौर, जालौर, पाली, सिरोही, करौली एवं दौसा ज़िले के अलावा जयपुर के भी कुछ हिस्से शामिल हैं। अपने परिश्रमी स्वाभाव और कंपनी के प्रति अपने समर्पण के लिए विख्यात श्री अरूण अग्रवाल ने हमेशा ही सेल्स टारगेट सफलतापूर्वक पूरा करने में सहयोग दिया है और विकास के सशक्त भागीदार बन कर कंपनी और अपने लिए राजस्थान में अच्छी सफलता हासिल की है।




विश्वस्तरीय गुणवत्ता वाले KAY2 टीएमटी रिबार की निर्माता कंपनी KAY2 स्टील लि. की सोच है कि भारतीय निर्माण की क्वालिटी किसी से पीछे ना रहे और यहां भी सदियों तक टिके रहने वाली अटूट इमारतें और इंफ्रास्टक्चर्स का निर्माण हो। कंपनी इसी सोच को साकार करने के लिए देश भर में KAY2 टीएमटी रिबार की मैन्यूफैक्चरिंग और मार्केटिंग को विस्तार देने में लगातार जुटी है।

कंपनी की विस्तार योजना के पीछे की सोच स्पष्ट करते हुए KAY2 स्टील लि. की एजीएम सुश्री ईशिता अग्रवाल ने बताया कि, ''KAY2 स्टील लि. खास तौर से उन सभी छोटे शहर और गाँव के उपभोक्ता तक पहुंचना चाहता है जो लोकल मेड सरियों का इस्तेमाल कर भवन निर्माण करवा रहे हैं। दरअसल हमारी कोशिश है कि भवन निर्माण में पुरानी तकनीकों और सस्ते रॉ–मैटेरियल अथवा स्क्रैप से बने खराब गुणवत्ता के सरियों का इस्तेमाल न होने पाये और उपभोक्ताओं को टिकाऊ निर्माण तथा भूकंप से सुरक्षा देने वाले KAY2 टीएमटी रिबार आसानी से उपलब्ध हो सके। हमने पाया है कि विश्वसनीय गुणवत्ता वाले KAY2 टीएमटी रिबार के लिए भारतीय बाज़ार में अपार संभावनायें हैं।''

आज दरअसल KAY2 टीएमटी रिबार को भारत के कई राज्यों में सर्वोत्तम क्वालिटी के टीएमटी रिबार के रूप में पहचान मिल चुकी है। बेहतरीन टीएमटी रिबार की आवश्यकता को पूरा करते हुए बीआईएस के मानक के अनुसार अत्याधुनिक तकनीक से निर्मित सर्वोत्तम गुणवत्ता के KAY2 500 एवं KAY2 500D टीएमटी रिबार आज अधिकांश महत्वपूर्ण बाज़ारों में उपलब्ध हैं। देश के इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में धाक जमा चुके KAY2 टीएमटी रिबार की मॉग आज हर तरह के उपभोक्ताओं के बीच लगातार बढ़ती जा रही है। कंपनी भी देश के विभिन्न बाज़ारों को अपने मार्केटिंग नेटवर्क के दायरे में लाते हुये लगातार KAY2 टीएमटी रिबार की बाज़ार हिस्सेदारी को बढ़ा रही है। इन सबको देखते हुए नए फ्रैन्चाइज़ी मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट्स में KAY2 टीएमटी रिबार का उत्पादन शुरू करना आवश्यक हो रहा था।

# विकास और विस्तार की नई इबारत लिख रहा है Kay2 स्टील

भूकंपरोधी निर्माण हेतु उपयुक्त सुनिश्चित गुणवत्ता वाले के KAY2 टीएमटी रिबार को एक देशव्यापी ब्राण्ड बनाने की बाज़ार नीति की प्राथमिकता के तहत पिछले तीन महीने के अंतराल में कंपनी ने पूर्वी भारत, पश्चिमी भारत और दक्षिण भारत की बाज़ार मॉग को पूरा करने के लिए तीन फ्रैन्चाइज़ी मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट्स में प्रोडक्शन शुरू कर दिया है। पश्चिम बंगाल के अतिरिक्त बिहार और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों की मॉग को पूरा करने के लिए नवंबर 2016 से पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में स्थित अलकनंदा स्पौंज आयरन लिमिटेड के प्लांट में लाइसेंस के अंतर्गत 60 हज़ार टन सालाना उत्पादन क्षमता की अत्याधुनिक युनिट मे KAY2 टीएमटी रिबार का निर्माण किया जा रहा है। इसी प्रकार दिसंबर 2016 से गोवा स्थित कार्तिक इन्डक्शन लिमिटेड के प्लांट में लाइसेंस के अंतर्गत वार्षिक 60 हज़ार टन KAY2 टीएमटी रिबार का निर्माण करते हुए गोवा के साथ–साथ कर्नाटक, केरल और महाराष्ट्र के कई बाज़ार में आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। जनवरी 2017 में यूज़र लाइसेंस एग्रीमेंट के अंतर्गत भिवाड़ी, राजस्थान के आशियाना मैन्यूफैक्चरिंग लिमिटेड की 50 हज़ार टन वार्षिक उत्पादन क्षमता की प्रोडक्शन युनिट में उत्पादन शुरू करते हुए दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान के कुछ बाज़ार में आपूर्ति दी जा रही है।

कंपनी की विस्तार के बारे में जानकारी देते हुये KAY2 स्टील लि. की एजीएम सुश्री ईशिता अग्रवाल ने कहा, ''फ्रैन्चाइज़ी मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट्स में विस्तार के साथ ही मार्केटिंग नेटवर्क को और भी अधिक मज़बूत बनाने की ओर क़दम बढ़ाते हुए कंपनी ने नए चैनल पार्टनर्स बनाने शुरू किए हैं, जिससे कि भारत भर के बाज़ारों में KAY2 टीएमटी उत्पाद आसानी से उपभोक्ताओं को उपलब्ध हो सकें। इस तरह देखें तो, हमारी विस्तार योजना स्टील सेक्टर की प्रगतिशील कंपनियों के साथ ही भवन निर्माण सामग्री बाज़ार का अनुभव रखने वाले व्यावसायियों के लिए भी एक सुनहरा अवसर है। इसका लाभ लेकर व्यावसायी तेज़ी से विकास कर रहे KAY2 स्टील लि. के साथ जुड़ सकते हैं।''





# कर्नाटक में Kay2 स्टील लि. की कामयाबी



देश के उत्तरी राज्यों के बाज़ार में बेहतर बाज़ार हिस्सेदारी पाने और मज़बूत पकड़ बनाने में क़ामयाब हो चुका KAY2 टीएमटी रिबार ने पिछली तिमाही के दौरान बहुत ही तेजी से अपने बाज़ार का विस्तार किया है। दक्षिण भारत के बाज़ारों में भी स्थापित ब्राण्डों और लोकल कंपनियों द्वारा निर्मित सरिए के मार्केट शेयर पर कब्ज़ा करते हुए KAY2 टीएमटी रिबार ने अपनी क्वालिटी का परचम अरब सागर और हिन्द महासागर तक लहरा दिया है। खास कर कर्नाटक राज्य के भवन निर्माताओं के बीच लोकप्रियता हासिल करने में KAY2 स्टील लि. की इस सफलता में यहाँ के चैनल पार्टनर्स का प्रशंसनीय सहयोग मिला है।

कर्नाटक में मिली इस क़ामयाबी को विस्तार देते हुए राज्य के हर बाज़ार तक KAY2 टीएमटी रिबार उत्पादों की पहुंच और उपलब्धता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कंपनी ने 15 दिसंबर 2016 को बेलगाम के आदर्श होटल में चैनल पार्टनर्स मीट का आयोजन किया। बैठक के दौरान कंपनी के अधिकारियों ने चैनल पार्टनर्स के साथ मिलकर KAY2 टीएमटी रिबार के समक्ष मौजूद बाज़ार संभावनाओं का पूरा उपयोग करते हुए साल की अंतिम तिमाही में व्यावसायिक सफलता की नई ऊँचाई छूने की बाज़ार रणनीति बनाने के लिए विचार–विमर्श किया।

इस बैठक में KAY2 स्टील लि. के हेड ऑफिस से सीनियर मैनेजर मार्किटिंग, श्री समीर गुप्ता तथा मैनेजर मार्किटिंग–कर्नाटक श्री इंदर शर्मा के साथ KAY2 स्टील लि. कर्नाटक टीम से श्री सौरभ परिहार, श्री मेघराज एवं श्री शिवेश साहू भी शामिल हुए। कर्नाटक में लाइसेंस के अंतर्गत KAY2 टीएमटी रिबार की निर्माता कंपनी मेसर्स कार्तिक इन्डक्शन लिमिटेड के निदेशक श्री श्रीकान्त भी चैनल पार्टनर्स मीट में उपस्थित रहे। इस मीट में भाग लेने के लिये KAY2 स्टील लि. के डिस्ट्रीब्यूटर्स श्री अनिल खारीत एवं श्री मदन पाटिल के साथ राज्य भर से 70 से अधिक KAY2 स्टील डीलर्स आदर्श होटल, बेलगाम पहुँचे।

बैठक के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने उपस्थित डीलर्स को संबोधित किया। इस अवसर पर श्री इंदर शर्मा ने कहा, ''आधुनिक इंजीनियरिंग की आवश्यकता को ध्यान में रख कर ही KAY2 टीएमटी रिबार का निर्माण किया जाता है। KAY2 टीएमटी रिबार की अच्छी गुणवत्ता और जबरदस्त भूकंपरोधी क्षमता की वज़ह से आज देश भर में लाखों उपभोक्ताओं द्वारा KAY2 टीएमटी रिबार को पसंद किया जा रहा है।'' बैठक के बीच में पावर प्वाइंट प्रेजेनटेशन के माध्यम से कंपनी एवं विभिन्न KAY2 टीएमटी उत्पादों से जुड़ी जानकारी भी दी गई।

# बिहार में हुआ Kay2 स्टील लि. का जागरूकता संवाद

भारत की लोकप्रिय टीएमटी रिबार मैन्यूफैक्चरिंग कंपनी, KAY2 स्टील लि. निर्माण क्षेत्र में सक्रिय योगदान देने की दिशा में लगातार प्रयासरत है। भारत में अच्छी गुणवत्ता के मज़बूत निर्माण हों जिससे देश और देशवासी सुरक्षित रहें, यह कंपनी का उद्येश्य रहा है। भारतीय इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में तेजी से हो रहे विकास को मज़बूती देने के लिए KAY2 स्टील लि. समय–समय पर निर्माणकर्मियों के लिये जागरूकता संवाद के नाम से बैठकों का आयोजन करती रहती है।




4 जनवरी 2017 को कंपनी ने बिहार के सरायघाटी में स्थानीय मैसन को भवन निर्माण के दौरान टीएमटी सरिए की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के महत्व की जानकारी देने के लिए जागरूकता संवाद आयोजन किया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में KAY2 स्टील लि. के डिस्ट्रीब्यूटर मेसर्स महालक्ष्मी इंटरप्राइजेज़, गया एवं स्थानीय डीलर मेसर्स साह इंटरप्राइजेज़, सरायघाटी ने सहयोग दिया। सरायघाटी स्थित डीलर्स प्वाइंट पर आयोजित इस जागरूकता संवाद बैठक में KAY2 स्टील लि. के मार्केटिंग अधिकारी श्री रंजीत कुमार व श्री गणेश शर्मा शामिल हुये। बैठक में सरायघाटी और क्षेत्र से आए 50 राजमिस्त्रियों ने भाग लिया।

KAY2 टीएमटी रिबार की गुणवत्ता के बारे में बताते हुए श्री रंजीत कुमार ने कहा, ''KAY2 स्टील लि. में क्वालिटी को सबसे ऊपर माना जाता है। अत्याधुनिक तकनीक द्वारा KAY2 टीएमटी रिबार का निर्माण किया जाता जिसे उपभोक्ताओं को विश्वस्तरीय क्वालिटी मिलती है।'' राजमिस्त्रियों को आधुनिक और बेहतर निर्माण हेतु बेहतर गुणवत्ता वाले KAY2 टीएमटी रिबार के अधिकाधिक उपयोग करने के लिये प्रोत्साहित करते हुए, श्री गणेश शर्मा ने कहा, ''KAY2 टीएमटी रिबार 8 एमएम से लेकर 32 एमएम तक के हर साइज में उपलब्ध है और इन्हें भारत भर में पसंद किया जा रहा है। श्रेष्ठ भूकंप प्रतिरोधक गुणों की वज़ह से KAY2 टीएमटी रिबार भूकंप के बड़े झटकों से भी मकान को सुरक्षित रखता है।''

मज़बूत तथा भूकंपरोधी निर्माण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हुए इस जागरूकता संवाद बैठक में उपस्थित ठेकेदारों एवं राजमिस्त्रियों के बीच KAY2 टीएमटी रिबार के प्रति जागरूकता बढ़ाने में यह कार्यक्रम बेहद सफल रहा।